TEACHERS OF BIHAR

दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें



teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

जयंती विशेष

24 नवम्बर 2026

Teachers of Bihar

The Change Makers

आज का सुविचार

लोभ, क्रोध और अहंकार से दूर रहना चाहिए।

गुरु नानक जी



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org | /teachersofbihar

Teachers of Bihar
The Change Makers


शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **24.11.2026**

अभिव्यक्ति क्षमता

अभिव्यक्ति क्षमता वह योग्यता है, जिसके माध्यम से व्यक्ति अपने विचारों, भावनाओं, अनुभवों, ज्ञान एवं कल्पनाओं को स्पष्ट, प्रभावशाली और व्यवस्थित ढंग से मौखिक, लिखित अथवा सांकेतिक रूप में दूसरों के सामने प्रस्तुत करता है। अपने मन की बात और विचारों को उचित शब्दों एवं माध्यमों से दूसरों तक पहुँचाने की योग्यता को अभिव्यक्ति क्षमता कहते हैं।

रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



कोलकाता की गणितज्ञ नीना गुप्ता ने 70 साल से अनसुलझी गणित की एक कठिन समस्या (Zariski Cancellation Problem) को सुलझाकर इतिहास रच दिया है। इसके लिए उन्हें शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार भी मिला।

विज्ञान प्रतियोगिता

ज्ञान से ही बनता है भविष्य!

सोचो, समझो और सही उत्तर चुनो!

प्रश्नः एक समूह में ऊपर से नीचे जाने पर परमाणु त्रिज्या सामान्यतः-

A. घटती है

B. बढ़ती है

C. स्थिर रहती है

D. शून्य रहती है

सही उत्तर

B. बढ़ती है

एक समूह में ऊपर से नीचे जाने पर परमाणु त्रिज्या सामान्यतः **बढ़ती** है।

थोड़ी जानकारी

★ एक समूह में ऊपर से नीचे जाने पर परमाणु त्रिज्या में वृद्धि होती है।

★ क्योंकि परमाणु में इलेक्ट्रॉन शेल (कक्षा) बढ़ते जाते हैं।

★ इसलिए नीचे की तत्वों का आकार बड़ा होता है।

हर दिन कुछ नया सीखें, विज्ञान को समझें, और देश का नाम रोशन करें!


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
आज का TOB क्विज़...
सामान्य ज्ञान विशेष
सिख धर्म के संस्थापक कौन थे ?
A गौतम बुद्ध
B गुरु नानक देव जी
C महावीर स्वामी
D कबीर दास
सच्चा ज्ञान ही सफल बनाता है !
www.teacherofbihar.org
संजय कुमार

Teachers of Bihar
The change makers

दिवस विशेष

मधु प्रिया

गुरु नानक जयंती



गुरु नानक देव जी का जीवन परिचय

गुरु नानक देव जी का जन्म 15 अप्रैल, 1469 को तलवंडी (अब ननकाना साहिब, पाकिस्तान) में हुआ था। वे सिख धर्म के प्रथम गुरु, महान संत, समाज सुधारक और मानवता के प्रचारक थे। उनका देहावसान 22 सितंबर, 1539 को हुआ।।

उनके प्रमुख उपदेश

- सत्य बोलो, सदैव भलाई करो।
- सबमें एक ही परमात्मा का वास है।
- सेवा, प्रेम और दया का मार्ग अपनाओ।
- समानता और भाईचारे का संदेश दो।
- लोभ, क्रोध और अहंकार से दूर रहो।

"न कोई हिन्दू, न कोई मुसलमान,
सबका मालिक एक"
— गुरु नानक देव जी

उनका संदेश

गुरु नानक देव जी ने प्रेम, सद्भाव, समानता और मानवता का संदेश दिया। उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों का विरोध किया और सच्चे मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।



आज, गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर सत्य, सेवा और सद्भाव के मार्ग पर चलने का संकल्प लें।

सभी के कल्याण की कामना।



कार्तिक पूर्णिमा हिंदू धर्म का एक अत्यंत पवित्र एवं महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। इसे **देव दीपावली, त्रिपुरी पूर्णिमा और गंगा स्नान पर्व** के नाम से भी जाना जाता है।



सिख धर्म में महत्व

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सिख समुदाय में गुरु नानक देव जी का प्रकाश पर्व (गुरुपर्व) भी मनाया जाता है।

आप सभी को कार्तिक पूर्णिमा एवं देव दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ! 🙏

राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The change makers


24 नवंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ





24 नवंबर की प्रमुख ऐतिहासिक घटनाएँ

- **1759** - इटली में विसूवियस पर्वत शिखर पर ज्वालामुखी विस्फोट।
- **1859** - चार्ल्स डार्विन की 'आन द ओरिजिन आफ स्पेशीज' का प्रकाशन।
- **1963** - अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जॉन एफ़ कैनेडी के हत्यारे ली हार्वे ऑस्वाल्ड की हत्या की गई।
- **1871** - नेशनल राइफ़ल एसोसिएशन (एनवाईसी) का गठन।
- **1926** - प्रख्यात दार्शनिक श्री अरविंद्रो को पूर्ण सिद्धि की प्राप्ति।
- **1966** - कांगो की राजधानी किंसासा में पहला टीवी स्टेशन खुला।
- **1986** - तमिलनाडु विधानसभा में पहली बार एक साथ विधायकों को सदन से निष्कासित किया गया।
- **1988** - दल बदल कानून के तहत पहली बार लोकसभा सांसद लालदूहोमा को अयोग्य करार दिया गया।
- **1989** - चेकोस्लोवाकिया में तत्कालीन कम्युनिस्ट पार्टी के पूरे नेतृत्व ने सामूहिक रूप से इस्तीफ़ा दे कर एक नए युग की शुरूआत की।
- **1992** - चीन का घरेलू विमान दुर्घटनाग्रस्त, 141 लोगों की मौत।
- **1998** - एमाइल लाहौद ने लेबनान के राष्ट्रपति पद की शपथ ली।
- **1999** - एथेंस में संम्मन विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में भारत की कुंजुरानी देवी ने रजत पदक जीता।
- **2001** - नेपाल में माओवादियों ने सेना व पुलिस के 38 जवान मार डाले।
- **2006** - पाकिस्तान और चीन ने एक मुक्त व्यापार क्षेत्र संधि पर हस्ताक्षर किये तथा अवावस बनाने पर भी सहमति हुई।
- **2007** - पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ़ आठ वर्षों के निर्वासन के बाद स्वदेश पहुंचे।
- **2008** - मालेगॉव बम ब्लास्ट के मामले में आरोपी साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने एटीएस द्वारा अश्लील सीडी दिखाने का आरोप लगाया।



24 नवंबर को जन्मे व्यक्ति

- **2001** - अंचिता शेउली - भारतीय भारोत्तोलक हैं, जो 73 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हैं।
- **1963** - मारोत्तराव कनमवार - महाराष्ट्र के दूसरे मुख्यमंत्री थे।
- **1961** - अरुंधति रॉय - अंग्रेज़ी की सुप्रप्रस्द्धि लेखिका और समाजसेवी हैं।
- **1955** - इयान बॉथम - इंग्लैंड के पूर्व टेस्ट कप्तान और अब कमेंटेटर।
- **1944** - अमोल पालेकर, प्रसिद्ध अभिनेता और फ़िल्म निर्देशक।
- **1936** - सैंग्यदा अनवरा तैमुर - असम की प्रसिद्ध मुस्लिम महिला राजनीतिज्ञ तथा वहाँ की भूतपूर्व मुख्यमंत्री।



24 नवंबर को हुए निधन

- **2025** - धर्मेन्द्र - हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता, फ़िल्म निर्माता और राजनीतिज्ञ थे।
- **2020** - कल्बे सादिक़ - उत्तर प्रदेश में 'ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड' के उपाध्यक्ष व शिया धर्म गुरु थे।
- **2019** - कैलाश चंद्र जोशी - भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिज्ञ तथा मध्य प्रदेश के भूतपूर्व मुख्यमंत्री थे।
- **2003** - उमा देवी खत्री - हिंदी फ़िल्मों की मशहूर कॉमेडियन।
- **1675** - गुरु तेग बहादुर - सिखों के नौवें गुरु।



Madhu Priya

इतिहास हमें प्रेरणा देता है, इसे जानना हमारा कर्तव्य है!

www.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

"सच बोलो, नेक चलो,
सबका भला करों"
— गुरु नानक देव जी —



गुरु नानक जी
की जयंती
24 नवंबर
के पावन अवसर पर
हार्दिक शुभकामनाएं

गुरु नानक जी का जीवन हमें सदैव मानवता,
सेवा, समानता और प्रेम का संदेश देता है।
आईए, उनके दिखाए मार्ग पर चलकर
समाज में भाईचारा और सद्भाव बढ़ाएं!

गुरु नानक जी की शिक्षाएं

सत्य | सेवा | समानता | प्रेम

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The change makers

कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली की शुभकामनाएं

यह पावन पर्व हमें
आस्था, भक्ति और प्रकाश
का संदेश देता है।
आइए, दीपों की इस दिव्य ज्योति से
अपने जीवन को सकारात्मकता,
सद्भाव और सेवा के मार्ग पर
आगे बढ़ाएं।

सभी के लिए सुख, शांति और समृद्धि की मंगलकामना।

Madhu Priya

रग्बी खेल के नियम

मुख्य उद्देश्य

- विरोधी टीम के इन-गोल क्षेत्र में गेंद को ज़मीन पर टिकाकर अंक बनाना
- और गोलपोस्ट के ऊपर से किक मारना

पासिंग का नियम



अंक प्रणाली

- ट्राई = 5 अंक
- कन्वर्जन = 2 अंक
- पेनल्टी / ड्रॉप गोल = 3 अंक



खिलाड़ी और समय

- 15 खिलाड़ी प्रति टीम
- 80 मिनट का खेल
- 40-40 मिनट के दो हाफ



टैकलिंग नियम

- कंधे से नीचे ही टैकल करें



राकेश कुमार
www.teachersofbihar.org